CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:27 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:53 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 74 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 7 सितम्बर 2026

सलमान ने कराई सेलेब्स की एंट्री...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### शादी का झांसा या भरोसे का खेल, युवती ने लगाए गंभीर आरोप

**हल्द्वानी।** जिस रिश्ते की शुरुआत पहचान और भरोसे से हुई, वही युवती के आरोपों के मुताबिक शोषण और धमकी तक पहुंच गया। काठगोदाम क्षेत्र की युवती ने परिचित युवक पर शादी का भरोसा देकर लंबे समय तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं, पीड़िता ने आरोपी पर कार से कुचलने की कोशिश और उसके परिजनों पर जान से मारने की धमकी देने के भी गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता के अनुसार आरोपी उसके ताऊ के बेटे का दोस्त था। बीमारी के दौरान उसने नजदीकियां बढ़ाईं और शादी का भरोसा दिया। आरोप है कि बाद में आरोपी उसे अयोध्या ले गया, जहां उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का कहना है कि बाद में उसने आरोपी को किसी अन्य युवती के साथ पकड़ लिया। इसके बाद विवाद बढ़ गया और आरोप है कि आरोपी ने उसे कार से कुचलने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी और उसके परिजनों ने कथित तौर पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी विवेक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले में लगाए गए आरोपों की जांच कर रही है।

### फर्जी दस्तावेज और पासपोर्ट मामले में आचार्य बालकृष्ण बरी

**देहरादून।** बाबा रामदेव के सहयोगी और पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण से जुड़े फर्जी दस्तावेज और पासपोर्ट मामले में आज देहरादून की सीबीआई अदालत ने फैसला सुनाया। कोर्ट ने बालकृष्ण को बरी कर दिया है। मामला फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के आधार पर भारतीय पासपोर्ट हासिल करने के आरोपों से जुड़ा है। सीबीआई के अनुसार, बालकृष्ण ने पासपोर्ट बनवाने के लिए बरेली स्थित पासपोर्ट कार्यालय में खुर्जा के एक संस्कृत महाविद्यालय से जुड़े कथित फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए थे। मामले में उनके खिलाफ आपराधिक धाराओं और पासपोर्ट अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी। करीब डेढ़ दशक पुराने इस मामले में आज कोर्ट ने फैसला सुनाया है।

# वोटर लिस्ट' पर सपा का वार, 2027 से पहले गदरपुर में भाजपा को घेरा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

2027 के विधानसभा चुनाव से पहले गदरपुर की सियासत गरमाने लगी है। समाजवादी पार्टी की 'चेंज मेकर यूथ असेंबली' में सपा उत्तराखंड प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने भाजपा सरकार पर बेरोजगारी, महंगाई, किसानों-व्यापारियों की समस्याओं और कानून-व्यवस्था को लेकर तीखा हमला बोला। सबसे ज्यादा तेवर मतदाता सूची को लेकर दिखे। उन्होंने आरोप लगाया कि अल्पसंख्यकों के साथ-साथ दलितों और पिछड़ों के नामों पर भी आपत्तियां दर्ज कराई जा रही हैं और पूरे मामले की जांच की जरूरत है। कम्बोज धर्मशाला में



आयोजित कार्यक्रम में सिद्दीकी बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे, जबकि अध्यक्षता प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महंत शुभम गिरी ने की। गदरपुर विधानसभा प्रभारी अरविंद सिंह यादव के आयोजन में बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता जुटे। सिद्दीकी ने कहा कि मतदाता सूची में कई लोगों के नाम पर आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। उनका दावा था कि कुछ मामलों में एक ही आपत्तिकर्ता की ओर से 50-60 लोगों के खिलाफ आपत्तियां लगाए जाने की बात सामने आई है, जबकि पूछताछ में संबंधित लोगों ने आपत्ति लगाने से इनकार किया। उन्होंने इसे गंभीर मामला बताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कहा कि जिन मतदाताओं के नाम पर आपत्तियां लगी हैं, उनमें कई को नोटिस तक नहीं मिला है। ऐसे में वे अपना जवाब कैसे दाखिल करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि जिन लोगों के नाम पर आपत्तियां दर्ज हैं, वे अपने दस्तावेज लेकर एआरओ या बीएलओ से संपर्क करें और निर्धारित समय में अपना पक्ष रखें। सपा प्रभारी ने दावा किया कि जनता भाजपा सरकार की नीतियों से परेशान है और 2027 में उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश में भाजपा को सत्ता से बाहर करने का मन बना चुकी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने और जनता के बीच सक्रिय रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान यतिन सागर, प्रधान मोहम्मद जावेद, दीपक प्रजापति और रवि चौधरी ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ सपा की सदस्यता ग्रहण की। सपा नेताओं ने नए सदस्यों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष रवि छाबड़ा ने किया। इस दौरान सरदार तजिंदर सिंह विर्क, अमित कुमार, मजहर रिजवी, ओसियन यादव, राम सिंह सागर, अख्तर अली खान, इमरान अंसारी, उमैर मतीन, नितिन यादव, इस्लाम मिकरानी, असगर अली, अमन प्रजापति, अर्जुन बाल्मीकि, चांद बाबू, शिवावतार शर्मा, दबीर राजा और मोहम्मद सलीम समेत कई कार्यकर्ताओं ने विचार रखे।

इमारत के मालिकके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

# दिल्लीः इमारत गिरने से 7 की मौत एलजी ने बुलाई हाई-लेवल मीटिंग

नई दिल्ली

एजेंसी

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के दक्षिणी परिसर के पास सत्य निकेतन की एक संकरी गली में लड़कों के छात्रावास के रूप में इस्तेमाल हो रही 30 साल पुरानी पांच मंजिला इमारत रविवार को भरभरा कर ढह गई। जमींदोज हुई इस इमारत हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि मलबे में दबे अन्य लोगों की तलाश जारी है। इस हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें बिल्डिंग गिरने के बाद धूल का गुबार उठता दिख रहा है।

सत्य निकेतन में इमारत गिरने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। उधर, दिल्ली पुलिस ने बिल्डिंग के कथित मालिक हरिराम को पकड़ने के लिए 10 अलग-अलग टीमें बनाई हैं। इन टीमों में लोकल डिस्ट्रिक्ट पुलिस, स्पेशल स्टाफ और दूसरी ऑपरेशनल यूनिट्स के जवान शामिल हैं। हर टीम की अगुवाई एडिशनल डीसीपी रैंक का एक अफसर कर रहा है। पुलिस



हरिराम को पकड़ने के लिए दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में छापेमारी कर रही है। दिल्ली के एलजी तरनजीत सिंह संधू ने सत्य निकेतन में इमारत गिरने की घटना पर एक हाई-लेवल मीटिंग बुलाई है। इस मीटिंग में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता भी मौजूद रहेंगी। डीडीए, एमसीडी और दिल्ली पुलिस के सीनियर अधिकारियों के इसमें शामिल होने की उम्मीद है। यह हाई-लेवल मीटिंग आज दोपहर बाद होगी। उम्मीद है कि एलजी इस मीटिंग में कई बड़े फैसले लेंगे।

एनडीआरएफ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया, मलबे से एनडीआरएफ की टीम को एक और शव मिला है। हादसे वाली जगह पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। अभी की स्थिति के अनुसार कुल 12 लोगों को बाहर निकाला गया है। इनमें से छह को मृत घोषित कर दिया गया और पांच को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक शव को अभी भी बाहर निकालना बाकी है। एनडीआरएफ और फायर सर्विस की टीमें उसे बाहर निकालने की कोशिश कर रही हैं।

# सांसद भट्ट ने जनसमस्याएं सुनीं, अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र से आये कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने हल्द्वानी के बच्ची नगर स्थित आवास पर सांसद अजय भट्ट से शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने विभिन्न जनसमस्याओं एवं विकास से जुड़े विषयों से सांसद भट्ट को अवगत कराया। सांसद ने सभी की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की तथा समस्याओं के तत्काल एवं प्राथमिकता के आधार पर निराकरण के निर्देश दिए।

भट्ट ने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है और जनहित से जुड़े प्रत्येक विषय पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



### नेपाल त्रासदी में मृतकों का आंकड़ा 1344 पहुंचा

**काठमांडू।** नेपाल में 26 अगस्त को आई विनाशकारी बाढ़ के बाद राहत और बचाव अभियान लगातार जारी है। भारतीय बचाव दल नेपाली अधिकारियों के साथ मिलकर प्रभावित इलाकों में खोज, बचाव और राहत कार्यों में जुटा है। इसी क्रम में विशेष भारतीय सुरंग बचाव टीम ने चिलिमे सुरंग में अभियान तेज कर दिया है। वहीं शुक्रवार को नेपाल सरकार ने एक रिपोर्ट जारी की जिसमें बताया गया कि बाढ़ से 32 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। इससे सड़कें, पुल, स्कूल और स्वास्थ्य केंद्रों को नुकसान पहुंचा है। सरकार की शुरुआती रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। वहीं इस त्रासदी में मरने वालों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर 1344 हो गई। प्रभावित इलाकों से और शव मिलने के बाद मृतकों की संख्या बढ़ी है।

# रेलवे भूमि पर फिर गरमाएगा मामला 9 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

रेलवे भूमि अतिक्रमण और पुनर्व्यवस्था का बहुचर्चित मामला एक बार फिर देश की सबसे बड़ी अदालत की चौखट पर पहुंचने जा रहा है। अब्दुल मतीन सिद्दीकी बनाम यूनियन ऑफ इंडिया मामले की अगली सुनवाई 9 सितंबर 2026 को संभावित रूप से सूचीबद्ध है। करीब तीन साल से कानूनी प्रक्रिया में उलझे इस मामले में अब सुप्रीम कोर्ट की अगली कार्रवाई पर हल्द्वानी के प्रभावित लोगों की नजरें टिक गई हैं।

मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ के समक्ष लंबित इस मामले का डायरी नंबर 289/2023 तथा सिविल अपील नंबर 3518/2023 है। प्रकरण को 2 मई 2023 को स्वीकार किया गया था। इसके बाद से रेलवे भूमि, अतिक्रमण और प्रभावित लोगों की पुनर्व्यवस्था से जुड़े सवाल अदालत में लगातार बने हुए हैं। मामले में केंद्र सरकार, रेलवे बोर्ड, उत्तराखंड शासन और नैनीताल के जिलाधिकारी समेत कुल छह पक्षों को प्रतिवादी बनाया गया है। ऐसे में आगामी सुनवाई महज एक तारीख नहीं, बल्कि पूरे विवाद की आगे की कानूनी दिशा के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। रेलवे भूमि प्रकरण को लेकर हल्द्वानी में लंबे समय से असमंजस की स्थिति बनी हुई है। प्रभावित परिवारों के लिए अदालत की हर सुनवाई उम्मीद और चिंता दोनों लेकर आती है। अब 9 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में होने वाली कार्यवाही पर सबकी निगाहें रहेंगी कि मामला किस करवट बैठता है और आगे की कानूनी तस्वीर क्या बनती है।

# म्यूल खातों से क्रिप्टो तक फैला साइबर जाल, छह को दबोचा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

बैंक खाते, एटीएम कार्ड और मोबाइल सिम दूसरों के नाम, लेकिन खेल करोड़ों के संदिग्ध लेनदेन का! नैनीताल पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में मुखानी क्षेत्र से कथित इंटरनेशनल साइबर क्राइम सिंडिकेट का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। पुलिस के मुताबिक गिरोह म्यूल बैंक खातों, एटीएम कार्ड और अनधिकृत ऐप के जरिए रकम को इधर-उधर करने के साथ क्रिप्टोकरेंसी यूएसडीटी की खरीद-फरोख्त में भी सक्रिय था।

एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी की रणनीति के तहत चलाए जा रहे 'ऑपरेशन हॉटस्पॉट' के दौरान एसओजी, साइबर सेल और मुखानी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने 5-6 सितंबर की रात



लक्ष्मण विहार कॉलोनी स्थित एक मकान पर छापा मारा। पुलिस के अनुसार मौके से गिरोह के कथित मुख्य संचालक समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि दो विधि-विवादित किशोरों को संरक्षण में लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1.18 लाख रुपये नकद, एक लैपटॉप, 11 स्मार्टफोन, 24 सक्रिय एटीएम/डेबिट कार्ड, 12 सिम कार्ड, छह चेकबुक, चार पासबुक और 16 बैंक जमा/सीडीएम पर्चियां बरामद करने का दावा किया है। बरामद सामान ने पुलिस की जांच को संदिग्ध बैंक खातों और डिजिटल लेनदेन की दिशा में आगे बढ़ा दिया है।

प्रारंभिक जांच में पुलिस को गिरोह के क्रिप्टोकरेंसी कारोबार से जुड़े होने की जानकारी मिली है। पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी राहुल यादव बिनांस ऐप के माध्यम से नकदी जुटाकर यूएसडीटी खरीदता था। पुलिस का कहना है कि इस कारोबार में करीब तीन प्रतिशत अतिरिक्त मुनाफे और बोनस का लालच देकर लेनदेन कराया जाता था। अब पुलिस गिरोह से जुड़े बैंक खातों, डिजिटल वॉलेट, मोबाइल नंबरों और क्रिप्टो लेनदेन की कड़ियां खंगाल रही है।

संयुक्त टीम में एसओजी नैनीताल- उपनिरीक्षक मोहन सौन (प्रभारी एसओजी), हेड कांस्टेबल त्रिलोक रौतेला, हेड कांस्टेबल कुंदन कठायत, कांस्टेबल भूपेंद्र ज्येष्ठा, कांस्टेबल भानू प्रताप ओली, कांस्टेबल अशोक रावत और कांस्टेबल अरविंद सिंह ने खोला साइबर जाल।

**साइबर सेल नैनीतालः** उपनिरीक्षक मीनू गौतम (प्रभारी साइबर सेल), एएसआई बिहारीलाल कुशवाहा, हेड कांस्टेबल शिवेंद्र बोरा, हेड कांस्टेबल परमदीप सिंह और कांस्टेबल नरेंद्र धामी।

# शिक्षक दिवस के अवसर पर विशेष समारोह का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) विभाग के नवनिर्मित भवन में शिक्षक दिवस के अवसर पर विशेष समारोह का आयोजन हर्षोल्लास, उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में किया गया।


इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग के प्रथम वर्ष के छात्र अंशुल द्वारा प्रस्तुत सुंदर स्वागत गीत से हुआ। इसके पश्चात तृतीय वर्ष के छात्र चिराग तिवारी ने डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन, शिक्षा-दर्शन एवं शिक्षक के रूप में उनके योगदान पर प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत किया वहीं द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशी रावत ने शिक्षक दिवस के महत्व एवं वर्तमान समय में शिक्षक की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए वहीं द्वितीय वर्ष के छात्र अंकित ने मनमोहक कुमाऊँनी लोकगीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में स्थानीय संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत कीए जिसे सभी ने खूब सराहा। नए भवन में प्रवेश को शिक्षा संकाय की शैक्षणिक यात्रा में एक नए अध्याय की शुरुआत के रूप में देखा गया। इस महत्वपूर्ण कामयाबी के अवसर पर संकायाध्यक्ष प्रो0. अतुल जोशी ने पूर्व कुलपति प्रो0. दीवान सिंह रावत के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा संकाय के लिए सुसज्जित भवन का निर्माण विश्वविद्यालय में शिक्षक-शिक्षा, शिक्षणए शोध एवं नवाचार को नई दिशा प्रदान करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण कामयाबी है। उन्होंने कहा कि यह भवन आने वाले समय में शिक्षा, शोध, नवाचार एवं अकादमिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा और देश में एक अग्रणी विभाग के रूप में स्थापित होगा। प्रो. जोशी ने कहा कि नया भवन केवल एक भौतिक संरचना नहीं बल्कि नई ऊर्जा, नई संभावनाओं और नए शैक्षणिक संकल्पों का प्रतीक है।

उन्होंने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस सुविधा का अधिकतम उपयोग करते हुए शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करें और विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँ तथा प्रो.0 जोशी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र के भविष्य के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों से सीखते हुए निरंतर आगे बढ़ने, चुनौतियों का सामना करने तथा एक संवेदनशील एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष डॉ0 अशोक उप्रेती ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ0 पुष्पा अधिकारी ने शिक्षक दिवस की प्रासंगिकता तथा शिक्षक.विद्यार्थी संबंधों के महत्व पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में डॉ0 तेज प्रकाश जोशी ने नए भवन को एक नए उत्साह, नई ऊर्जा के साथ नए आयामों को छूने की बात कही तथा डॉ0 भूपेंद्र सिंह ने कहा कि विभाग एकजुट होकर नित नए लक्ष्यों को प्राप्त करेगा। कार्यक्रम के अगले चरण में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के मनोरंजन एवं सहभागिता के लिए विभिन्न खेल, गीत, अभिनय एवं अन्य मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में संकायाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी, विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक उप्रेती, डॉ. पुष्पा अधिकारी, डॉ. तेज प्रकाश जोशी, डॉ. वर्षा पंत, डॉ. आकांक्षा शैली, डॉ. सरोज शर्मा, डॉ. विनीता विश्वकर्मा, डॉ. लक्ष्मण सिंह, डॉ. हेमा मेहरा, डॉ. दीपिका भट्ट, डॉ. भूपेन्द्र सिंह, डॉ. शाहिद हुसैन, डॉ. ललिता जोशी, हरीश कुमार व सुमन एवं सौरभ,अनुभा, आयुष्मान, आदित्य व अनुरुत आदि उपस्थित रहे।

## सर्वार्थ सिद्धि योग में आज मनेगा अजा एकादशी व्रत

**नैनीताल** । नैनीताल के समीपवर्ती गेठिया गांव निवासी आचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी ने बताया कि भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को अजा एकादशी नाम से जाना जाता है। इस बार सोमवार (आज) को अजा एकादशी व्रत मनाया जाएगा।

पंडित जोशी के मुताबिक सोमवार (आज) को यदि एकादशी तिथि की बात करें तो शाम 5.04 बजे तक एकादशी तिथि रहेगी। इस दिन पुनर्वसु नामक नक्षत्र शाम 6.14 बजे तक है। यदि चंद्रमा की स्थिति को जानें तो चंद्र देव दोपहर 12.38 बजे तक मिथुन राशि में विराजमान रहेंगे तदुपरांत चंद्र देव कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। सबसे महत्वपूर्ण यदि सर्वार्थ सिद्धि योग की बात करें तो यह योग प्रातः 5.56 बजे से प्रारंभ होकर शाम 6.14 बजे तक रहेगा। सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र ने गौतम ऋषि की सलाह से भाद्रपद कृष्ण पक्ष की एकादशी व्रत किया व्रत के प्रभाव से उनका राज्य पुत्र और पत्नी उन्हें पुनः प्राप्त हुए। अतः जो मनुष्य इस उपवास को विधिपूर्वक करते हैं तथा रात्रि जागरण करते हैं उनके सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और अंत में वह स्वर्ग को प्राप्त करते हैं।



# नैनीताल में हिंदूवादी संगठनों ने लोगों को दिखाई मुफ्त हनुमान अंश फिल्म

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल के कैपिटल सिनेमा हॉल में रविवार को बाबा नीब करौरी महाराज पर आधारित फिल्म हनुमान अंश का मुफ्त प्रसारण किया गया। सिनेमा हॉल में सबसे आगे 9 नंबर की सीट में श्री हनुमान और बाबा नीब करौरी की प्रतिमा को विराजमान किया गया।

इसे हनुमान भक्त जय श्रीराम सेवा दल और अल्मोड़ा अर्बन ग्रामीण बैंक के प्रबंधक रोमित साह जगाती ने स्पॉन्सर किया। देश दुनिया में सुपर हिट बलॉक बस्टर चल रही इस फिल्म को देखने के लिए बालिका विद्या मंदिर की 25छात्राएं और सरस्वती विद्या मंदिर से 55 छात्रों के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे पहुंचे। शो शुरू होने से पहले आयोजकों की तरफ से हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया। फ़िल्म देखने के लिए विधायक सरिता आर्या,भाजपा मंडलाध्यक्ष नितिन कार्की व भरत मेहरा भी पहुंचे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मनमोहन सिंह बिष्ट, पंकज बिष्ट, अमित पांडेय, सोनू बिष्ट, मनोज कुमार, रोहित कुमार गौड़, विनोद कुमार, सूरज, सुनील, अमित साह, विवेक वर्मा, संजय, प्रदीप कुमार, तरुण लूथरा, भवान सिंह बिष्ट, ललित बिष्ट, सूरज राणा, गौरव आर्या, संजय सिंह बिष्ट, अमित मेहरा, विनायक साह, अमू पाण्डे, सोनू कुमार, पवन कन्याल, बॉबी बिष्ट, रौनक सक्सेना, कुणाल बेदी, चेतन बिष्ट आदि कि बड़ी भूमिका रही। संगठन की तरफ से मनमोहन सिंह बिष्ट ने बताया कि फि.ल्म के शो की सफलता को देखते हुए मंगलवार और रविवार को भी एक एक शो रखे गए हैं।

# राजकीय सेवानिवृत पेंशनर कल्याण एसोसिएशन की बैठक

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

राजकीय सेवानिवृत पेंशनर कल्याण एसोसिएशन नैनीताल की मासिक बैठक रविवार को एसोसिएशन की अध्यक्ष मंजू बिष्ट की अध्यक्षता व संयुक्त मंत्री त्रिलोक सिंह रौतेला के संचालकत्व में जूनियर हाईस्कूल मल्लीताल में हुई।

बैठक में पेंशनरों ने 65,70,75 व 80 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर प्रोत्साहन पेंशन स्वीकृत किए जाने की मांग पर कोई कार्रवाई न होने पर गहरा रोष व्यक्त किया। पेंशनरों ने कहा कि सरकार द्वारा इस संबंध में गठित समिति की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है जिससे पेंशनरों में आक्रोश है। बैठक में पेंशनरों ने गोल्डन कार्ड योजना के तहत आश्वासन के बावजूद पेंशनरों को अभी तक कोई राहत नहीं मिलने पर भी नाराजगी जताई।

वक्ताओं ने कहा कि सरकार इसे अपनी महत्वाकांक्षी योजना बताकर श्रेय ले रही है जबकि धरातल पर लाभ नहीं मिल रहा है।बैठक में चन्द्रकांता खोलिया, रेखा त्रिवेदी, नीता व्यास, निर्मल पाण्डेय, के.एस. कार्की, एच.एस. भैसोड़ा, सुनील साह, प्रगति साह, गोविन्द सिंह देव, होशियार सिंह मेहरा, देवेन्द्र जोशी तथा पी.डी. मिश्रा सहित कई पेंशनर मौजूद रहे।



## NEWS / फटाफट

### पटवाडांगर में एसटीपी निर्माण की कवायद तेज

**नैनीताल।** पटवाडांगर क्षेत्र में प्रस्तावित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के निर्माण की कवायद एडीबी ने तेज कर दी है। जमीन के समतलीकरण और भूगर्भीय सर्वे का काम पूरा होने के बाद अब एसटीपी की डिजाइनिंग की प्रक्रिया चल रही है। वहीं निर्माण स्थल पर पेड़ों का छपान भी शुरू कर दिया गया है। एडीबी के अधिकारियों के अनुसार पेड़ों के छपान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद नियमानुसार पेड़ों की कटाई की जाएगी। इसके बाद निर्माण स्थल को तैयार कर एसटीपी का वास्तविक निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। परियोजना के लिए तकनीकी स्तर पर जरूरी तैयारियां लगातार की जा रही हैं। एडीबी के प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह ने बताया कि परियोजना से जुड़े प्रारंभिक कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। जमीन समतलीकरण और भूगर्भीय सर्वे के बाद वर्तमान में डिजाइनिंग का कार्य चल रहा है। पेड़ों के छपान के बाद कटाई की प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। पटवाडांगर में एसटीपी बनने से क्षेत्र में सीवेज निस्तारण की व्यवस्था मजबूत होने की उममीद हैं।

### शिक्षा का मंत्र ही उसके विद्यार्थी होते हैं:प्रो.तिवारी



**नैनीताल** । कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के वनस्पति विज्ञान विभाग में शिक्षक दिवस समारोह उत्साह के साथ मनाया गया । इस अवसर पर विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने केक कटा तथा सभी को बधाई दी । प्रो. तिवारी ने कहा शिक्षक राष्ट्र का निर्माण करता है,कहा कि शिक्षा का मंत्र ही उसके विद्यार्थी होते हैं। इस अवसर पर मिष्ठान वितरण भी किया गया । कार्यक्रम में प्रो. एल. एस .लोधियाल,प्रो. सुषमा टमटा,डॉ नीलू लोधियाल, डॉ. प्रभा पंत ,डॉ नवीन पांडे,लता,विशाल,भावना, पूजा,रितिका आदि शामिल रहे।

### तल्लीताल में दो युवकों के बीच मारपीट

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल जू रोड क्षेत्र में मामूली विवाद ने उस समय तूल पकड़ लिया जब दो युवक आपस में भिड़ गए। दोनों के बीच मारपीट शुरू होने से मौके पर हंगामा हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को पूछताछ के लिए लिया। जांच के दौरान एक युवक के नशे में होने की पुष्टि होने पर पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जू रोड क्षेत्र में किसी बात को लेकर अर्जुन रौतेला और अविरल डसीला के बीच विवाद हुआ था। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। हंगामा बढ़ने पर अर्जुन रौतेला ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों से पूछताछ की।पुलिस के अनुसार अविरल डसीला नशे की हालत में मिला। उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ पुलिस एकट के तहत कार्रवाई की।एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों से पूछताछ की गई थी। मेडिकल परीक्षण के बाद अविरल डसीला के खिलाफ पुलिस एकट में कार्रवाई की गई है।

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्टः सीएमओ डा.पंत



**नैनीताल** । सीएमओ डॉ. रश्मि पंत ने बताया कि ज्योलीकोट क्षेत्र में अलर्ट जारी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें क्षेत्र में निगरानी कर रही हैं। आशा कार्यकर्ताओं को घर.घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी लेने और संदिग्ध मरीजों की सूचना तत्काल स्वास्थ्य विभाग को देने के निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्र में बीमारी की रोकथाम और मरीजों की निगरानी पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# नैनीताल का समग्र तकनीकी सर्वेक्षण जरूरीः पुनीत टंडन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



माँ नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन ने नैनीताल में भारी बारिश के कारण उपजे विषम हालातों तथा लोअर व अपर मॉल रोड की मौजूदा संवेदनशील स्थिति को देखते हुए शासन व प्रशासन से नैनीताल की सुरक्षा को लेकर तत्काल एक समग्र तकनीकी सर्वेक्षण कराये जाने की सिफारिश की है। टंडन के मुताबिक यह सर्वेक्षण भूवैज्ञानिकों तथा आईआईटी के विशेषज्ञों एवं अन्य आवश्यक तकनीकी संस्थानों की संयुक्त टीम से कराया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि नगर के संवेदनशील क्षेत्रों का चिह्नीकरण, विशेषज्ञों की टीम द्वारा वर्तमान परिस्थितियों के आधार पर नैनीताल के सभी भूस्खलन संभावित व संवेदनशील क्षेत्रों की सटीक पहचान की जाए और समय रहते आवश्यक सुरक्षात्मक व एहतियाती कदम उठाए जाएँ,कहा कि जिन संवेदनशील क्षेत्रों में आवासीय बस्तियाँ या घर स्थित हैं वहाँ किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए राज्य आपदा प्रबंधन व संबंधित प्रशासनिक मशीनरी की 24 घंटे अग्रिम तैनाती सुनिश्चित की जाए ताकि समय रहते राहत कार्य संचालित हो सकें। कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को बिना अनावश्यक विस्थापन या परेशानी के वैज्ञानिक रिपोर्ट के आधार पर स्थायी सुदृढ़ीकरण व मरम्मत कार्य किए जाएँ जिससे जान.माल का कोई नुकसान न हो। कहा कि सर्वे रिपोर्ट को सार्वजनिक करना, विशेषज्ञों द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट को आम जनता के समक्ष सार्वजनिक किया जाएए जिससे नागरिकों को वास्तविक स्थिति और सुरक्षा उपायों की सही जानकारी मिल सके। टंडन के मुताबिक नैनीताल के सभी निवासियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## भीमताल ब्लॉक के 29 आपदा प्रभावित परिवारों को बांटे राशन किट

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के अंतर्गत अत्यधिक वर्षा होने के कारण अलचौना ग्रामसभा के तोक पांडेछोड़ में ककड़िया नाले में अधिक मात्रा में पानी व मलुवा आने से कई घरों के अंदर मलबा और पानी आने के कारण जिला प्रशासन द्वारा 23 प्रभावित परिवारों के कुल 50 सदस्यों को सुरक्षा की दृष्टि से अन्यत्र सुरक्षित स्थानों में स्थित घरों में शिफ्ट कर दिया गया है । दूसरी ओर उपजिलाधिकारी नैनीताल नवाजिश खलीक के निर्देश पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट द्वारा प्रभावित कुल 23 परिवारों के 50 सदस्यों हेतु डिनर और लंच की व्यवस्था की गई साथ ही प्रभावित परिवारों को कुल 35 राशन किट/राहत सामग्री वितरित की गई । इसके अतिरिक्त उप जिलाधिकारी नैनीताल के निर्देश पर मलुआताल ग्राम सभा के कुल 6 प्रभावित परिवारों को भी खाद्य विभाग द्वारा राहत सामग्री वितरित की गई ।

# अभिमत



## नकली सामान

*दुकान पर तरह-तरह के सामान देखने से उपभोक्ता को असली-नकली की पहचान करना आसान होता है। ऑनलाइन खरीदारी का चलन तेजी से बढ़ा है। इसी के साथ ई-कामर्स के माध्यम से नकली सामान बेचकर अधिक से अधिक मुनाफा कमाने वाले सक्रिय हो गये हैं। अब देशभर से नकली सामान की शिकायतें बढ़ रही हैं। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा ई-कामर्स कंपनियों के गोदामों पर मारे गये छापों में नकली सामान पकड़े जाने से शिकायत सही होने की पुष्टि हुई है। ऑनलाइन खरीदारी अब नुकसानदेह साबित हो रही है।*

बाजार में असली और नकली सामान हमेशा से बिकता रहा है। उपभोक्ता के साथ धोखाधड़ी भी होती रही है। दुकान पर तरह-तरह के सामान देखने से उपभोक्ता को असली-नकली की पहचान करना आसान होता है। ऑनलाइन खरीदारी का चलन तेजी से बढ़ा है। इसी के साथ ई-कामर्स के माध्यम से नकली सामान बेचकर अधिक से अधिक मुनाफा कमाने वाले सक्रिय हो गये हैं। अब देशभर से नकली सामान की शिकायतें बढ़ रही हैं। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा ई-कामर्स कंपनियों के गोदामों पर मारे गये छापों में नकली सामान पकड़े जाने से शिकायत सही होने की पुष्टि हुई है। ऑनलाइन खरीदारी अब नुकसानदेह साबित हो रही है। गोदामों से चार हजार से अधिक नकली सामान जब्त किया गया। गोदामों पर छापेमारी के बाद भी नकली सामान की बिक्री पर नियंत्रण नहीं किया जा सका है। हर बार छापे में सामान जब्त किया जाता है। राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर इस साल सात हजार से अधिक शिकायतें दर्ज की गईं। वर्ष 2024 में करीब पांच हजार और वर्ष 2023 में ढाई हजार शिकायत मिली थीं। इस साल नकली वस्तुओं की शिकायतें सर्वाधिक उत्तर प्रदेश से एक हजार से अधिक प्राप्त हुई हैं। दिल्ली से 512, बिहार से 460 और उत्तराखंड से 78 शिकायत मिली हैं। लक्जरी वस्तुएं ब्रांडेड कंपनी का उत्पाद बताकर नकली सामान सबसे ज्यादा बेचा जा रहा है। नकली सामान की शिकायत मिलने पर भारतीय मानक ब्यूरो के छापे में नकली सामान जब्त होने के बाद भी दोषी ई-कामर्स कंपनी के खिलाफ कार्रवाई नहीं किये जाने से नकली सामान बेचने की धोखाधड़ी बंद नहीं हो रही है। सरकार को ई-कामर्स कंपनियों के अवैध धंधे पर रोक लगाने के लिए सख्त कानून बनाने की जरूरत है। उपभोक्ता को भी जागरुक होना होगा। दरअसल वैश्विक महामारी कोरोना के प्रकोप से बचने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लॉकडाउन लागू किया। बाजार बंद रहे, उस दौरान ऑनलाइन शॉपिंग के जरिये होम डिलीवरी से उपभोक्ताओं तक सामान पहुंचाया गया। स्थिति सामान्य होने पर भी कुछ लोग ऑनलाइन शॉपिंग कर रहे हैं। ई-कामर्स कंपनियां नकली सामान खपा रही हैं। उपभोक्ताओं को पुनः बाजार में दुकानों और मॉल से सामान खरीदना लाभदायक होगा। बाजार में वैरायटी भी मिलती है।

# जलजनित बीमारीः ज्योलीकोट में महिला व किशोर की हुई मौत

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के तहत ज्योलीकोट समेत आस पास के गांवों में जल जनित बीमारी थमने का नाम नहीं ले रही है। बीमारी की वजह से अब तक लोग अस्पतालों में भर्ती होकर अपना इलाज करा रहे थे लेकिन अब इलाज के दौरान मौत की खबरें भी सामने आने लगी हैं। बीती रात उपचार के दौरान एक किशोर और विवाहिता की मौत की सूचना मिलने के बाद जहां क्षेत्र में शोक व दहशत का माहौल बन गया है।

बता दें ज्योलीकोट के समीपवर्ती सरियाताल निवासी रितेश जीना (16) को 18 अगस्त से टायफ इड व डायरिया की शिकायत थी। परिजनों के मुताबिक उसका उपचार चल रहा था लेकिन 28 अगस्त को हालत अचानक गंभीर हो गई। उसे तुरंत हल्द्वानी के कई निजी अस्पतालों में ले जाया गया,उसके बाद फिर हालत बिगड़ने पर दिल्ली स्थित एलबीएस अस्पताल और एम्स के लिए रेफ र किया गया जहां लीवर ट्रांसप्लांट की सलाह दी गई।रितेश के ताऊ बीएस जीना की मानें तो निजी अस्पतालों में उपचार का खर्च एक करोड़ रुपये से अधिक बताया गया जबकि इतनी बड़ी रकम जुटाना परिवार के लिए संभव नहीं था। बाद में रितेश को दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसने बीते शनिवार की देर शाम दम तोड़ दिया।परिजनों का




मृतकों की फाइल फोटो

कहना है कि इलाज के लिए अस्पतालों के चक्कर लगाने के दौरान संक्रमण इतना बढ़ गया कि लीवर के साथ फेफ ड़े व किडनी और अन्य महत्वपूर्ण अंग भी प्रभावित हो गए।

बता दें रितेश के पिता उमेश्वर सिंह उद्यान विभाग ज्योलीकोट में उपनल कर्मी हैं जबकि मां इंदिरा देवी गृहणी हैं। इकलौते बेटे की मौत से माता पिता समेत दादा दादी सदमे में हैं। दूसरी ओर ज्योलीकोट क्षेत्र की नीमा जोशी (26) की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। नीमा के पति नीरज जोशी वन विभाग में अस्थायी श्रमिक हैं, उनकी दो बेटियां हैं जिनकी उम्र चार वर्ष और डेढ़ वर्ष है।परिजनों के मुताबिक नीमा का एक व दो सितंबर को हल्द्वानी के निजी अस्पताल में जांच और उपचार कराया गया। चिकित्सकों ने लीवर इंफेशन और पीलिया बताया। हालत गंभीर होने पर उन्हें उपचार के लिए राममूर्ति अस्पताल बरेली ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। परिवार के पांच अन्य सदस्यों के भी पीलिया से पीड़ित होने की जानकारी सामने आई है।

## ज्योलीकोट में जलजनित रोगों पर निगरानी तेज

**नैनीताल।** ज्योलीकोट क्षेत्र में जलजनित रोगों की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी और स्वास्थ्य सेवाएं तेज कर दी हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि पंत के निर्देश पर प्रभावित क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ताओं की ओर से घर.घर सर्वे किया जा रहा है।

अब तक 1142 घरों का सर्वे पूरा किया जा चुका है। इस दौरान लोगों को स्वच्छ पेयजल, व्यक्तिगत स्वच्छता और जलजनित रोगों से बचाव के उपाय बताए गए। जरूरतमंद लोगों को 168 ओआरएस पैकेट भी वितरित किए गए। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार क्षेत्र में अब तक 43 मरीज चिन्हित किए गए हैं जिनमें से 10 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं। अस्पताल में भर्ती मरीजों की भी लगातार निगरानी की जा रही है। प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग अब तक 10 स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर चुका है। इनमें कुल 468 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## ज्योलीकोट में पीलिया व डायरिया का कहर, मुफ्त इलाज की मांग

**नैनीताल।** भीमताल ब्लॉक के ज्योलीकोट क्षेत्र में पीलिया व डायरिया समेत जलजनित बीमारियों के बढ़ते प्रकोप से ग्रामीणों में दहशत है। स्थिति को गंभीर बताते हुए क्षेत्र पंचायत भीमताल के ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर प्रभावित ग्रामीणों के लिए सरकारी और निजी अस्पतालों में निःशुल्क अथवा कम से कम 50 फीसदी छूट पर उपचार और दवाइयां मुहैया कराने की मांग की है। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि ज्योलीकोट और आसपास के क्षेत्रों में जलजनित बीमारियां तेजी से फैल रही हैं और हालात जनस्वास्थ्य आपातकाल जैसे बनते जा रहे हैं। एक ही परिवार के तीन से चार सदस्य एक साथ गंभीर रूप से बीमार होकर अस्पताल में भर्ती हैं। बीमारी बढ़ने से कई ग्रामीण मजबूरी में निजी अस्पतालों का रुख कर रहे हैंए जहां महंगे उपचार और दवाइयों का खर्च उनके लिए भारी पड़ रहा है।

## देवीधूरा-बसानी मार्ग पर धंसाव से बढ़ा खतरा

**नैनीताल।** देवीधूरा.बसानी मार्ग पर देवीधूरा के समीप सड़क में धंसाव होने से आवाजाही पर खतरा मंडराने लगा है। सड़क धंसने के साथ यहां दो बड़े गड्ढे बन गए हैं जिनमें बरसात का पानी लगातार जा रहा है। इससे सड़कके और अधिक टूटने की आशंका बढ़ गई है।

ग्रामीणों के अनुसार उक्त स्थान पर पूर्व के वर्ष में भी सड़कधंस चुकी है जिसके चलते वाहनों की आवाजाही तक बंद हो गई थी। बीते चार दिनों में एक बार फिर सड़क में दोबारा धंसाव हुआ है लेकिन अब तक विभाग की ओर से मौके पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते गड्ढों को नहीं भरा गया और सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो बरसात के दौरान स्थिति गंभीर हो सकती है और मार्ग पूरी तरह बंद होने का खतरा है। ग्रामीणों ने विभाग से तत्काल धंसाव वाले हिस्से की मरम्मत कराने और पानी की निकासी की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है।पीएमजीएसवाई की एई नेहा अमरीन मंसूरी ने बताया कि सड़क की स्थिति का संज्ञान लिया गया है।

# नैनीताल जिले के 23 मोटर मार्ग बंद

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले में बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है जिसकी वजह से जगह-जगह पर सड़कों में मलुवा आने समेत अन्य कारणों से सड़कें यातायात के लिए बंद होती जा रही हैं। रविवार की शाम को चार बजे तक नैनीताल स्थित जिला आपदा केंद्र में 23 मोटर मार्गों के बंद होने की सूचना मिली है,खास बात यह है कि बंद मोटर मार्गो में सर्वाधिक 20 मोटर मार्ग ग्रामीण क्षेत्रों से ताल्लुक रखते हैं।

केंद्र के मुताबिक जो मोटर मार्ग बंद हैं उनमें गर्जिया-बेतालघाट, रामनगर-बेतालघाट, पांडेगांव-रानीकोटा, पटोड़ी-जोशीखोला, तल्ला रामगढ़-रातीघाट, बरेली-सिरसा, पतलोट-पाश्यागांव, नाई-भूमका, स्यूड़ा कौंता-हरीशताल, ढोलीगांव-धैना, छीड़ाखान-अमजड़, खनस्यू-टाडा, खुजेटी-भौनरा, कसियालेख-बढ़ीबाना, चमडिया-लोहाली, देवलीधार-सुई, बेतालघाट-रोपा, लमजाला मोटर मार्ग, रातीघाट-बुधलाकोट, लमजाला-बानना, पद्मपुरी-बबियाड, भवाली बाईपास तथा खनस्यू-रिखाकोट शामिल हैं।



## मंगोली-रौखड़ मोटर मार्ग पर तीन डेंजर जोन

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के तहत मंगोली थापला-जालालगांव-रौखड़ मोटर मार्ग की लगातार बिगड़ती हालत अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। अमटना, जोशीखोला के बाद अब थापला हनुमान मंदिर से करीब 1000 मीटर पहले सड़क पर भूस्खलन होने से एक और नया डेंजर जोन बन गया है। सड़ककी हालत इतनी संवेदनशील हो चुकी है कि यहां कभी भी दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय लोगों के अनुसार मार्ग पर अब तीन स्थान ऐसे हैंए जहां सड़क अपना अस्तित्व खोने की कगार पर पहुंच चुकी है। लगातार हो रही बारिश और भूस्खलन से सड़क का हिस्सा कमजोर पड़ता जा रहा है। हनुमान मंदिर के समीप हुआ ताजा भूस्खलन यदि और बढ़ा तो चार पहिया वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बाधित होने की आशंका है। मार्ग की लगातार बिगड़ती स्थिति ने भविष्य की चिंता भी बढ़ा दी है। सवाल उठ रहा है कि यदि समय रहते संवेदनशील स्थानों का स्थायी उपचार नहीं किया गया तो क्या यह मोटर मार्ग भविष्य में भी सुचारू रह पाएगा या फिर इस पर आवाजाही का विराम लग जाएगा।

# फिल्मी दुनिया

## बिग बॉस 20: सलमान ने घर में कराई 15 सेलेब्स की एंट्री



*चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस 20 का सफर रविवार से शुरू हो चुका है। सलमान खान एक बार फिर बतौर होस्ट इस नए सीजन के प्रतिभागियों यानि घरवालों से एक-एक करके रूबरू करवा रहे हैं। घर के अंदर प्रतिभागियों को नियम समझाए गए कि आप तब तक इस घर से बेघर नहीं होंगे, जब तक आपकी दोनों लाइफ्स नहीं चली जातीं। इस बार आपको मेरी बैकिंग है। इस बार किसी को भी छिपकर या डरकर खेलने की जरुरत नहीं है। मुखौटा पहनकर अपनी रियलिटी छुपाने की जरूरत भी नहीं है। आप सभी खुलकर खेलिए।*

*बिग बॉस ने प्रतिभागियों से पूछा, बताइए आप किस एक सदस्य की एक लाइफ लेना चाहेंगे? इस पर सदस्यों ने कहा कि अभी तो नाम भी नहीं याद हुए सबको। इस पर बिग बॉस ने कहा कि मजाक था। बिग बॉस 20 के आखिरी सदस्य के रूप में अभिनेत्री माही विज ने एंट्री ली है। सलमान खान ने उनसे पूछा, आप हमेशा मना करती हैं, इस बार ऐसा क्या हुआ कि आप आईं। इस पर माही ने कहा, मुझे लगता है कि हर चीज का वक्त होता है। डेढ़ महीने पहले भी मैंने मना कर दिया था। मगर, मुझे लगा कि जाना चाहिए। फिर बच्चों ने भी बोला कि आपको जाना चाहिए तो मैंने सोचा कि अब जाना चाहिए।*

### मंच तक पहुंचे मनोज तिवारी

*बिग बॉस 20 के स्टेज पर मनोज तिवारी भी पहुंचे हैं। उन्हें देखकर सलमान खान चौंके तो एक्टर ने कहा कि मैं शो में नहीं आया हूं, अपनी बेटी को बिग बॉस के दरवाजे छोड़ने आया हूं।*

*इस पर सलमान ने कहा कि आप देश की ड्यूटी छोड़कर बाप की ड्यूटी निभाने आए हैं। बता दें कि मनोज तिवारी सांसद हैं। सलमान ने दर्शकों से कहा कि ये मनोज तिवारी की बेटी रीति हैं।*

# तीन साल से फाइलों में कैद सड़क मरीजों को डोली.कंडी का सहारा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सरकारी फाइलों में करीब तीन साल से अटकी एक सड़क ने पहाड़ के ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पटवाडांगर जमीरा मोटर मार्ग को वन स्वीकृति नहीं मिलने के कारण सड़क निर्माण शुरू नहीं हो पा रहा है। नतीजा यह है कि आज भी ग्रामीण पगडंडियों और दुर्गम रास्तों के सहारे जिंदगी ढोने को मजबूर हैं। जिसके निदान के लिए ग्रामीणों ने मुखयमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

ग्रामीणों के अनुसार मोटर मार्ग (राज्य सेकटर) बनने से देवीधूरा, ज्योसुड़ा, जमीरा, सौलिया और सिलमोड़िया से आदि गांव सड़क से जुड़ सकते हैं। परियोजना का आवेदन 18 अगस्त 2023 को किया गया थाए लेकिन करीब तीन वर्ष बाद भी वन स्वीकृति का इंतजार खत्म नहीं हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की फाइल कभी डीएफओ तो कभी नोडल अधिकारी और क्षेत्रीय वन कार्यालय के स्तर पर घूमती रही। वर्ष 2026 से प्रस्ताव ईडीएस के नाम पर लंबित बताया जा रहा है। सड़क नहीं होने से गंभीर बीमार या घायल व्यक्ति या गर्भवती महिलाओं को वाहन की सुविधा नहीं मिलने पर डोली.कंडी के सहारे कई किलोमीटर तक मुखय सड़क पहुंचाना पड़ता है।

सड़क के अभाव में मरीजों की जिंदगी रास्ते और मौसम के भरोसे रह जाती है। ग्रामीणों ने शासन से वन स्वीकृति की औपचारिकता तत्काल पूरी कर सड़क निर्माण शुरू कराने की मांग की है। ज्ञापन भेजने वालों में ग्राम प्रधान प्रेमलता बर्गली, दीपक सिंह, जीवन सिंह, भगवती देवी, यशवंत सिंह, कुंदन सिंह व नंदन सिंह समेत कई लोगों के हस्ताक्षर हैं।

## नैनीताल जिले के स्कूल आज रहेंगें बंद

**नैनीताल ।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अतिवृष्टि व वर्षा के चेतावनी को ध्यान में रखते हुए सोमवार (आज) को जिले के कक्षा 1 से लेकर 12वीं तक के सभी स्कूलों के साथ ही सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित कर दिया है। डीएम के मुताबिक यह अवकाश स्कूलों के प्रधानाचार्यों, गुरुजनों व कार्यालय स्टाफ हेतु भी मान्य होगा।

News कॉर्नर

## घर से नाराज होकर निकली महिला लापता



हल्द्वानी। राजपुरा क्षेत्र से एक महिला के अचानक घर से लापता होने के बाद परिजनों की चिंता बढ़ गई है। काफी खोजबीन के बावजूद महिला का कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस ने तलाश शुरू करते हुए लोगों से सहयोग की अपील की है। पुलिस की ओर से जारी तलाश के अनुसार 32 वर्षीय सर्वेश देवी, पत्नी विक्की, निवासी राजेंद्र नगर, राजपुरा, हल्द्वानी, 20 मई 2026 को घर से नाराज होकर बिना बताए कहीं चली गई थीं।

# नासा एक्वाटिक मीट का आयोजन, शिवम और नेहमत रहे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल एक्वाटिक एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स एसोसिएशन (नासा) द्वारा रविवार को नैनीताल की जीवनदायिनी नैनी झील में सेंट जोसेफ बोट हाउस के समीप वार्षिक नासा जलीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में युवाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

इससे पूर्व कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नैनीताल की पहचान झील से जुड़ी है तथा यहां युवाओं को जलीय खेलों के लिए बेहतर अवसर मुहैया कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन खेल प्रतिभाओं को मंच देने के साथ युवाओं



में आत्मविश्वासए अनुशासन और जल सुरक्षा की भावना विकसित करते हैं।विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने कहा कि नैनीताल झील केवल पर्यटन का केंद्र नहीं बल्कि नगर की पहचान और महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहर है। उन्होंने जलीय खेलों के आयोजन के साथ झील की स्वच्छता, सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देने पर जोर दिया तथा नासा के प्रयासों की सराहना की।विशेष अतिथि एवं नैनीताल लोक सभा के पूर्व सांसद डॉ. महेंद्र सिंह पाल ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में खेलों के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक दिशा और नए अवसर मिलते हैं। उन्होंने कहा कि नैनीताल के युवाओं में जलीय खेलों की अपार संभावनाएं हैं और ऐसे आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कयाकिंग में आदित्य, यश, भाव्या, मिमांसा व काव्या एवं फेरियान विजेता रहे। तैराकी में भविष्य, विहान, भावितव्य, गुरबानी व ग्रेसी एवं तनिष्का ने विजेता स्थान प्राप्त किया। अन्य विजेता खिलाड़ियों में प्रभात, आदित्य, कुमकुम, नेहमत एवं रहमतय कुमकुम, रोहित, नीरज, नैना केतकी एवं भूमिकाय तथा विक्रम, दीपिका, अथर्व, मीनाक्षी, कार्तिक, कौस्तुभ, यश, सिमरन व नीलिया एवं आदित्य शामिल रहे। सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार शिवम धपोला तथा सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार नेहमत कौर को प्रदान किया गया। आयोजन को सफल बनाने में नासा परिवार के यशपाल रावत, प्रो. रीतेश साह, रोहित गर्ग, धीरज बिष्ट, भूपाल बिष्ट, प्रो. संजय घिल्डियाल, प्रो. आशीष मेहता, दीपक बिष्ट, शिखा रावत, अधिवक्ता पंकज चौहान,मनीष जोशी व भानु प्रताप समेत हर्ष छाबड़ा, लतिका छाबड़ा, लतिका शाही, भारत अधिकारी, चारु मैनाली, विक्रम आर्या, मनीष बिष्ट, लघिमा जोशी, शिवानी चंद्रा, पल्लवी सती, निहारिका चौबे, यश गर्ग, रोजी, नितिन पुरी, गगन साह, कमल किशोर, तरुण बिष्ट, सरिता बिष्ट, आदित्य, सिद्धि गुप्ता एवं अनुष्का पुरी, ध्रुव पांडे, संगीता बिष्ट, ज्योति फर्त्याल एवं आशीष राणा सहित अन्य सदस्यों ने सहयोग किया। अंत में यशपाल रावत ने सभी का आभार जताया।

# पंजाबी गौरव सम्मेलन को भव्य बनाने में जुटें कार्यकर्ता

### ऊधमसिंह नगर और काशीपुर जिले की संयुक्त व्यवस्था बैठक में सौंपी गई जिम्मेदारियां

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

10 सितंबर को रुद्रपुर में प्रस्तावित पंजाबी गौरव सम्मेलन और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के आगमन को लेकर पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में ऊधमसिंह नगर एवं काशीपुर जिले की संयुक्त व्यवस्था बैठक आयोजित कर सम्मेलन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

इस दौरान कार्यक्रम को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अलग-अलग व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का हल्द्वानी एवं रुद्रपुर प्रवास निर्धारित है। हल्द्वानी में वह पूर्व सैनिक सम्मान कार्यक्रम में शामिल होंगे।जबकि रुद्रपुर में आयोजित पंजाबी गौरव सम्मेलन में शिरकत कर समाज के लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे को देखते हुए भाजपा दोनों कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर सफल बनाने की तैयारियों में जुटी है। इसी क्रम में



ऊधमसिंह नगर और काशीपुर संगठन की संयुक्त बैठक आयोजित कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् के साथ हुआ।

जिलाध्यक्ष कमल कुमार जिंदल ने स्वागत भाषण देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन और पंजाबी गौरव सम्मेलन को संगठन के लिए महत्वपूर्ण अवसर बताया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री तरुण दत्ता ने किया, जबकि कार्यक्रम के संयोजक संदीप बाजवा रहे। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, सांसद अजय भट्ट, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए तैयारियों की समीक्षा की। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने सम्मेलन की प्रस्तावित रूपरेखा और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभानी होगी। पंजाबी गौरव सम्मेलन समाज के इसी संघर्ष, संस्कृति, गौरव और राष्ट्र निर्माण में योगदान को सम्मान देने का अवसर है। तराई क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी पंजाबी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

बैठक में प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार,प्रदेश महामंत्री तरुण,काशीपुर जिलाध्यक्ष मनोज पाल, विधायक शिव अरोरा, विधायक हरभजन सिंह चीमा, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, रुद्रपुर महापौर विकास शर्मा, काशीपुर महापौर दीपक बाली, दर्जा राज्यमंत्री उत्तम दत्ता, किसान आयोग उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नामधारी, जिला सह प्रभारी साकेत अग्रवाल धन सिंह रावत, दर्जा मंत्री मेयर रामपाल सहित खातीब अहमद, गुरविंदर सिंह चंडोक, ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम, विवेक सक्सेना, सुरेश कम्बोज, प्रीत ग्रोवर, भारत भूषण चुग, वेद टुकराल, रश्मि रस्तोगी, योगेश वर्मा, सुरेश कोली, हिमांशु शुक्ला, प्रमोद मित्तल, अक्षय अरोरा,अक्षय गेहलोत,विजय तोमर, मीना शर्मा, नीता सक्सेना, विवेक दीप सिंह, रचित सिंह, जितेंद्र गौतम सहित पंजाबी-सिख समाज के प्रमुख लोग समेत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नैनीताल डीसीबी अध्यक्ष पद के लिए प्रताप बिष्ट को सौंपा आवेदन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

कुमाऊं की राजनीति में पिछले कुछ समय से अपेक्षाकृत शांत दिखाई दे रहे निश्छल पांडे ने एक बार फिर अपनी राजनीतिक सक्रियता का संकेत दिया है। उन्होंने नैनीताल डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के नैनीताल जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट को अपना आवेदन प्रस्तुत किया।

इस दौरान विजय मनराल, जितेंद्र मेहता, प्रकाश रावत और चन्द्र प्रकाश तिवारी भी मौजूद रहे। निश्छल पांडे की इस पहल को केवल एक पद के लिए आवेदन के तौर पर नहीं देखा जा रहा है। सहकारिता उत्तराखंड की राजनीति में एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है और नैनीताल डीसीबी अध्यक्ष का पद संगठनात्मक एवं राजनीतिक दोनों दृष्टि से अहम माना जाता है। ऐसे में पांडे की दावेदारी ने कुमाऊं की राजनीतिक हलचल को लेकर चर्चाओं को भी हवा दी है। निश्छल पांडे पिछले काफी समय से कुमाऊं की सक्रिय राजनीति में पहले की तरह प्रमुखता से दिखाई नहीं दे रहे थे। उनकी राजनीतिक गतिविधियां अपेक्षाकृत सीमित नजर आ रही थीं। ऐसे में सहकारी बैंक जैसे महत्वपूर्ण संस्थान के अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी सामने रखना उनकी राजनीतिक सक्रियता की वापसी के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।राजनीतिक जानकारों के लिए खास बात यह भी है कि पांडे ने जिस क्षेत्र में अपनी दावेदारी पेश की है, वह सीधे तौर पर सहकारिता से जुड़ा है। इसलिए इस कदम को महज एक प्रशासनिक या संस्थागत पद की इच्छा के बजाय व्यापक राजनीतिक संदर्भ में भी देखा जा रहा है।



# कोतवाली पुलिस का वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश,दो शातिर गिरफ्तार,बाईकें बरामद

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली पुलिस ने रात को चैकिंग के दौरान अलग-अलग जगहों से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में दोनों से बरामद बाइकें चोरी की निकली। दोनों शातिर अपराधी है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की और कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक शनिवार रात चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी प्रदीप पंत टीम के साथ रेलवे स्टेशन रोड पर चैकिंग कर रहे थे। इस दौरान बाईक सवार युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने शक होने पर उसका पीछा कर दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सूरज मंडल पुत्र ठाकुर मंडल निवासी ट्रांजिट कैंप बताया। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि उसके पास जो बाईक है, वह उसने 31 अगस्त को विशाल मेगा मार्ट से चोरी की थी। इसके अलावा एसआई जीवन सिंह अधिकारी भी टीम के साथ शनिवार रात क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी बीच पुलिस रेलवे स्टेशन से माडल कालोनी को जाने वाले रोड से बाईक सवार युवक को रोककर उससे पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपना नाम सचिन पाल पुत्र गिरधारी लाल निवासी कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैंप बताया। उसके पास से भी पुलिस को चोरी की बाईक बरामद हुई। एक सितंबर को चौकी आदर्श कालोनी क्षेत्र से बाईक चोरी हुई थी। कोतवाल प्रकाश दानू ने बताया कि गिरफ्तार सचिन पाल बहुत शातिर है। पूछताछ में उसने बताया कि उस पर छह प्राथमिकी ट्रांजिट कैंप और दो बाईक चोरी के रुद्रपुर कोतवाली में पंजीकृत है। सचिन यहां पर किराए पर रहता है। मूल रूप से यूपी के बरेली के थाना मीरगंज क्षेत्र ग्राम जानिर का है। उसके पास से बरामद बाईक सिविल लाइंस क्षेत्र से चोरी की थी। कोतवाल ने बताया कि पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है।



## बिजली कटौती की सूचना में प्रभावित क्षेत्रों के नाम प्रकाशित करना अनिवार्य

नैनीताल । कुमाऊं आयुक्त एवं मुखयमंत्री के सचिव दीपक रावत ने विद्युत विभाग द्वारा समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाने वाली बिजली कटौती की सूचनाओं में प्रभावित क्षेत्रों के नाम स्पष्ट रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस संबंध में मुखय अभियंता उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड हल्द्वानी व रुद्रपुर को सख्त निर्देश जारी किए हैं।

# कैलाश जोशी अध्यक्ष, रवि वर्मा महामंत्री मनोनीत

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे द्वारा चोरगलिया इकाई का गठन किया गया।चोरगलिया नगर इकाई हेतु चोरगलिया के वरिष्ठ व्यापारी कैलाश जोशी को अध्यक्ष और और युवा व्यवसायी रवि वर्मा को महामंत्री मनोनित किया, साथ ही नवनियुक्त अध्यक्ष और महामंत्री को बधाई देते हुए





जल्द कार्यकारिणी का विस्तार कर चोरगलिया नगर में सदस्यता अभियान चलाकर सभी व्यापारियों को संगठित कर व्यापारियों के हितों हेतु कार्य करने का आवाहन किया। नवमनोनित अध्यक्ष कैलाश जोशी और रवि वर्मा द्वारा जिला पदाधिकारियों का आभार जता कर संगठन हित में कार्य करने का भरोसा जताया। उनके मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, रूपेंद्र नागर, कुसुम दिगारी, उर्वशी बोरा, प्रदीप सब्बरवाल, शिव कपूर, नंदकिशोर जायसवाल, योगेश शर्मा, मनोज जायसवाल, भास्कर त्रिपाठी, दीपक गुर्रानी, पवन जोशी, गोविंद भाकुनी, भुवन जोशी, सहित व्यापारी प्रतिनिधियों ने बधाई दी।

# सड़क पर डंडों का प्रदर्शन पड़ा भारी, वायरल वीडियो से 15 चिन्हित

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

जन्माष्टमी की रात काठगोदाम मार्ग पर वाहनों में सवार होकर डंडे लहराना युवकों को भारी पड़ गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो पुलिस तक पहुंचा तो कार्रवाई का पहिया घूम गया। पुलिस ने वीडियो के आधार पर 15 युवकों को चिन्हित कर थाने पहुंचाया। इनमें आठ बालिग और सात नाबालिग शामिल हैं। आठ बालिगों पर पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई कर जुर्माना वसूला गया, जबकि वीडियो में इस्तेमाल वाहनों को सीज कर दिया गया।

काठगोदाम मार्ग पर जन्माष्टमी की रात कुछ युवकों द्वारा वाहनों में सवार होकर डंडे लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। मामले को गंभीरता से लेते हुए



एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टीसी ने एएसपी/सीओ हल्द्वानी अमित सैनी को युवकों और वाहनों की पहचान कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसके बाद प्रभारी निरीक्षक काठगोदाम जसवीर चौहान के नेतृत्व में चौकी प्रभारी दिलीप कुमार की टीम ने वीडियो में दिखाई दे रहे वाहनों और युवकों की पहचान शुरू की। जांच के बाद पुलिस ने 15 युवकों को चिन्हित कर थाने पहुंचाया। पुलिस के अनुसार आठ बालिग युवकों के खिलाफ पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जुर्माना जमा कराया गया। वीडियो में प्रयुक्त वाहनों को भी सीज कर दिया गया। पुलिस ने युवकों को भविष्य में सार्वजनिक स्थान पर इस तरह की हरकत न करने की सख्त हिदायत दी।

मामले में चिन्हित सात नाबालिगों के परिजनों को थाने बुलाया गया। पुलिस ने नाबालिगों की काउंसलिंग की और उनके परिजनों के खिलाफ भी पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जुर्माना जमा कराया।

एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर अराजकता फैलाकर आमजन में भय का माहौल बनाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सोशल मीडिया पर सामने आने वाले ऐसे मामलों पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई की जाएगी।